**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding cancellation of the orders issued to additional funds in Maharashtra.

**श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान महाराष्ट्र में हो रहे मनरेगा के काम में अनुचित प्रक्रिया की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । जहां तक महाराष्ट्र की बात है, मनरेगा की करीब 800 करोड़ रुपये की राशि जो खर्च नहीं हुई है, वह उन्हें स्किल काम के ऊपर खर्च करनी है, आवंटित करनी है । मगर वे लोग स्थानिक एमएलए को विश्वास में रखते हुए, बिना ग्राम पंचायत के ध्यान में लाए हुए, डायरेक्टली सभी काम महाराष्ट्र सरकार मंत्रालय की ओर से एक यादी निकाली जाती है और एमएलए जिन लोगों को चाहते हैं, उन लोगों को डायरेक्टली वे काम दिए जाते हैं । यह एक अनुचित प्रक्रिया का पालन है । केन्द्र सरकार द्वारा अभी तक जितने पैसे – करीब 800 करोड़ रुपये भेजे गए हैं, उनमें से 25 करोड़ रुपये मेरे जिले के लिए आवंटित हुए हैं, जो डायरेक्टली, बिना प्रक्रिया का पालन करते हुए आवंटित हुए हैं । इसके बारे में मेरी आपसे विनती है कि इस पैसे का गलत इस्तेमाल होने की आशंका है । इसलिए आदरणीय मंत्री जी से मैं अनुरोध करता हूं कि इसका आवंटन रद्द किया जाए और जिस प्रक्रिया का पालन होना चाहिए, ग्राम पंचायत के माध्यम से जो पैसा आना चाहिए, उसी तरह से ही वह पैसा आवंटित किया जाए । मैं आपके माध्यम से यही अनुरोध करता हूं । धन्यवाद ।

**माननीय सभापति :** डॉ. संजीव कुमार शिंगरी - उपस्थित नहीं ।

श्री मारगनी भरत – उपस्थित नहीं ।